जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

04 जुलाई, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल द्वारा एम्प्लॉयबिलिटी बूट कैंप का सफलतापूर्ण आयोजन ।

यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल द्वारा एलिओस मैनेजमेंट कंसल्टिंग ग्रुप के सहयोग से दिनांक 26 और 27 जून 2024 को दो दिवसीय "एम्प्लॉयबिलिटी बूट कैंप" का सफलतापूर्ण आयोजन किया गया । डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को रोजगार प्राप्ति के जरूरी कौशल से लैस करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई और इस कैंप का समापन सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो एम. शकील के शीर्ष नेतृत्व के समर्थन, प्रेरणा और मार्गदर्शन से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस एम्प्लॉयबिलिटी बूट कैंप को यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल की टीम द्वारा तैयार किया गया था जिसमें यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रोफेसर राहेला फारूकी, यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल की उप निदेशक प्रोफेसर सबा खान और प्रो रिहान खान सूरी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर शामिल थे।

बूट कैंप की शुरुआत उद्घाटन समारोह से हुई जिसमें विशिष्ट अतिथियों ने संबोधन दिया। प्लान इंडिया के निदेशक वित्त एवं आश्वासन तथा जनरल काउंसलर (सेवानिवृत्त) श्री अशोक सेठ ने उद्घाटन भाषण दिए जिसके उपरांत एलिओस मैनेजमेंट कंसल्टिंग के प्रबंध निदेशक श्री सब्बर तौसिफ ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। मुख्य अतिथि, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रो आबिद हलीम ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। बीज वक्तव्य वाईएमसीए की राष्ट्रीय परिषद में अकादमिक विंग की प्रमुख सुश्री गायत्री फ्लोरेंस ने दिया। समारोह का समापन सभी सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करने तथा प्रो रिहान खान सूरी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कैंप के पहले दिन विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री रवि गुप्ता के नेतृत्व में रिज्यूमे लेखन, योग्यता परीक्षण की तैयारी तथा डिजिटल कौशल प्रशिक्षण पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं। दूसरे दिन साक्षात्कार कौशल, समूह चर्चा तकनीक तथा श्रीमती मनीषा खन्ना एवं श्री रूपेश भागचंदानी सहित उद्योग जगत के पेशेवरों के साथ व्यक्तिगत परामर्श सत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

एम्प्लॉयबिलिटी बूट कैंप का उद्देश्य छात्रों के एम्प्लॉयबिलिटी कौशल को बढ़ाना, नौकरी की तलाश हेतु उनका आत्मविश्वास बढ़ाना, रिज्यूमे लिखने, योग्यता परीक्षण, डिजिटल कौशल, साक्षात्कार तकनीक और समूह चर्चा कौशल के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इसके अतिरिक्त, उद्योग जगत के पेशेवरों से व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं सलाह का उद्देश्य छात्रों को नौकरी प्राप्ति के लिए बेहतर तरीके से तैयार करना और संभावित नियोक्ताओं संग नेटवर्किंग के अवसरों को सुविधाजनक बनाना था।

एम्प्लॉयबिलिटी बूट कैंप की सफलता न केवल प्रदान किए गए मूल्यवान ज्ञान में निहित है अपितु सत्रों की इंटरैक्टिव और आकर्षक प्रकृति में भी निहित है। इस कैंप की बदौलत प्रतिभागी व्यावहारिक कौशल एवं विषय वस्तु की गहरी समझ से लैस होकर अपने पेशेवर सफर पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने के लिए तैयार हुए ।

इस कैंप का समापन श्री रूपेश भागचंदानी, प्रैक्टिस लीडर एवं यूनोस्किल्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और श्रीमती मनीषा खन्ना, मास्टर ट्रेनर एवं लीड असेसर, प्रबंधन व उद्यमिता तथा व्यावसायिक कौशल परिषद, एमईपीएससी, एनएसडीसी, स्किल इंडिया के नेतृत्व में आयोजित समापन सत्र से हुआ। प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और प्रो रिहान खान सूरी द्वारा समापन टिप्पणियां साझा की गईं। छात्रों की सकारात्मक प्रतिक्रिया इस बात को रेखांकित करती है कि बूट कैंप अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रहा ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया